06/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

आठवीं अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज ईटानगर में शुरू हुआ। सदन में सात विधेयक पेश किए गए, जिनमें वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2026; अरुणाचल प्रदेश अग्नि एवं आपातकालीन सेवा विधेयक, 2026; अरुणाचल प्रदेश विधानसभा सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2026; और अत्यंत महत्वपूर्ण अरुणाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन (विनियमन एवं प्रबंधन) विधेयक, 2026 शामिल हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा ने राज्य में वन्यजीवों की सुरक्षा को मज़बूत करने और मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के उपायों का अध्ययन करने के लिए एक विधानसभा समिति के गठन की पुष्टि की। वन राज्य मंत्री वांगकी लोवांग और विपक्षी विधायक कुमार वाई के बीच चर्चा के बाद सदन ने इसकी पुष्टि की। इस समिति का नेतृत्व एक विधायक करेंगे और यह अपने निष्कर्षों की रिपोर्ट विधानसभा में आगे की चर्चा के लिए अध्यक्ष को सौंपेंगे।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में कैंसर सर्जरी के क्षेत्र में अग्रणी और एक जाने-माने वरिष्ठ सर्जन, डॉ. मारी बासार का निधन हुआ। अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राज्य में कैंसर देखभाल को आगे बढ़ाने में उनके समर्पण, करुणा और अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तीन दिवसीय 11वां अरुणाचल फिल्म महोत्सव आज से ईटानगर के TNZ सिनेमा में शुरू हुआ। महोत्सव में कहानी सुनाने पर आधारित सत्र, पैनल चर्चाएं, कार्यशालाएं और पूरे क्षेत्र के फिल्म निर्माताओं तथा कलाकारों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वोत्तर विशेष कर अरुणाचल प्रदेश की उभरती हुई प्रतिभाओं को बढ़ावा देते हुए उनकी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के पहले रेडियो स्टेशन, आकाशवाणी पासीघाट में कल साठवां स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। आकाशवाणी पासीघाट के स्थानीय प्रशासनिक प्रमुख और IB(P)S अधिकारी, आई.डी. पर्तिन ने आकाशवाणी पासीघाट की विरासत और उसकी शानदार यात्रा पर विस्तार से चर्चा की।

अरुणाचल प्रदेश जो नेफ़ा के नाम से जाना जाता था, वहां ऑल इंडिया रेडियो के पहले स्टेशन का उद्घाटन छः मार्च उन्नीस सौ छियासठ को पासीघाट में किया गया था। इसका उद्घाटन उस समय के जाने-माने सामाजिक और राजनीतिक व्यक्तित्व तथा पॉलिटिकल असिस्टेंट, स्वर्गीय कुत्तिक मोयोंग द्वारा किया गया था। शुरुआत में ट्रांसमीटर की क्षमता केवल 1.5 वॉट थी, जो केवल पासीघाट शहर तक ही सीमित थी; बाद में उन्नीस सौ इक्यावन में इसे बढ़ाकर दस किलोवॉट कर दिया गया। इसका औपचारिक उद्घाटन बाद में सत्ताइस जनवरी उन्नीस सौ छियानबे को अरुणाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री गेगोङ आपांग द्वारा किया गया था।

0000000000000000000000

तिराप उपायुक्त तेचू आरान की अध्यक्षता में, ज़िला स्तरीय NCORD समिति ने देओमाली स्थित वेलनेस काउंसलिंग सेंटर का दौरा किया। उपायुक्त ने सेंटर में पुनर्वास से गुज़र रहे सत्रह लोगों से बातचीत की। टीम ने इमारत की स्थिति का जायज़ा लिया और गोदाम में भंडारण सुविधाओं तथा उसके समग्र कामकाज की समीक्षा की। यह दौरा ज़िला प्रशासन के उन निरंतर प्रयासों का हिस्सा था, जिनका उद्देश्य पुनर्वास संबंधी पहलों की निगरानी करना और आवश्यक सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना है।

00000000000000000000000

"आपातकाल के 50 वर्ष: भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" विषय पर विकसित भारत युवा संसद 2026' का ज़िला स्तरीय चरण, 'माई भारत, लोहित' द्वारा 'इंदिरा गांधी सरकारी कॉलेज, तेजू' के सहयोग से कॉलेज ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य-स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद 2026' में ज़िले का प्रतिनिधित्व करने के लिए दस उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन किया गया।

00000000000000000000000

सियांग अपर बहूउद्देशीय परियोजना से जुड़ी सामुदायिक आउटरीच के तहत बुधवार को अपर सियाङ ज़िले के सिमोंग गांव में एक स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। AARRO वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देना, साफ-सफाई की आदतों को बेहतर बनाना और गांववालों में पर्सनल और पब्लिक हाइजीन के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

00000000000000000000000

महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी से 7 मार्च को ईटानगर स्थित डी.के. कन्वेंशन सेंटर में सुबह 7 बजे से शुरू होने वाले IWD मैराथन (ट्रेल रन) 2026 में भाग लेकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए आमंत्रित किया है।

0000000000000000000000

तवांग ज़िला प्रशासन ने आज तवांग के सेरू गाँव में सफलतापूर्वक चौथा 'सेवा आपके द्वार 2.0' शिविर का आयोजन किया, जिससे सरकारी सेवाएँ लोगों के घरों तक पहुँचाई गईं। ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया, जिसमें स्मार्ट बिजली मीटर लगाने और उनके फ़ायदों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही, एक मुफ़्त मेडिकल जाँच शिविर और 'जन सुनवाई' का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को अपनी चिंताएँ और शिकायतें सीधे प्रशासन के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

0000000000000000000000